
3

# शब्द और वाक्य
## (Word and Sentence)

### शब्द

**पढ़िए और समझिए–**



छ् + अ + म् + अ + ल् + ई = छमली
(छमली का अर्थ कुछ नहीं होता)
म् + अ + छ् + अ + ल् + ई = मछली
(मछली का अर्थ पानी में रहने वाला एक जीव)

ऊपर आपने देखा, 'छमली' शब्द का अर्थ कुछ नहीं होता, अतः यह शब्द निरर्थक है। अब इसी शब्द के वर्णों को बदले हुए क्रम में लिखने पर 'मछली' शब्द बनता है जिसका अर्थ होता है, अतः यह सार्थक शब्द है।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि –

**वर्णों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।**

**शब्द दो प्रकार के होते हैं–**

❖ **सार्थक शब्द**

जिन शब्दों का कोई अर्थ होता है, उन्हें **सार्थक शब्द** कहते हैं।

जैसे – कलम, तोता, चिड़िया आदि।

❖ **निरर्थक शब्द**

जिन शब्दों का कोई अर्थ नहीं होता है, उन्हें **निरर्थक शब्द** कहते हैं।

जैसे – मकल, ताती, ड़ियाचि आदि।

## वाक्य



**चित्र को देखकर दिए गए वाक्यों को पढ़िए–**

हिंदी निशा रही पढ़ की है किताब।

(इस वाक्य का कुछ अर्थ नहीं बनता है।)

निशा हिंदी की किताब पढ़ रही है।

(इस वाक्य का अर्थ बनता है।)

वाक्य बनाने के लिए शब्दों को सही क्रम में रखना जरूरी है।

जिस प्रकार, वर्णों के सार्थक समूह से शब्द बनते हैं; उसी प्रकार, शब्दों के सार्थक समूह से वाक्य बनते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि–

**शब्दों के सार्थक समूह को ही वाक्य कहते हैं।**

### हमने सीखा

- वर्णों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।
- शब्दों के दो भेद हैं– सार्थक शब्द, निरर्थक शब्द।
- सार्थक शब्दों का क्रमबद्ध समूह वाक्य कहलाता है।

## आओ अभ्यास करें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. शब्द किसे कहते हैं?

उत्तर: ...................................................................................................

...................................................................................................

2. वाक्य किसे कहते हैं?

उत्तर: ...................................................................................................

...................................................................................................

3. 'गु ब ला' को सही क्रम में लगाकर कौन-कौन से दो सार्थक शब्द बनाए जा सकते हैं?

उत्तर: ...................................................................................................

...................................................................................................

4. 'री त छ' इन वर्णों को सही क्रम में लगाकर शब्द बनाइए।

उत्तर: ..........................................................................................

..........................................................................................

## ( ख ) सही कथन पर ( ✓ ) और गलत कथन पर ( × ) का चिह्न लगाइए–

1. निरर्थक शब्दों का अर्थ होता है। ☐
2. शब्दों के सार्थक समूह को वर्ण कहते हैं। ☐
3. वर्णों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं । ☐
4. जिन शब्दों का अर्थ होता है, उन्हें सार्थक शब्द कहते हैं । ☐

## ( ग ) निम्नलिखित वर्णों को सही क्रम में लिखकर सार्थक शब्द बनाइए–

1. स्तकपु – ..........................  2. तरऔ – ..........................

3. ड्डूल – ..........................  4. जरसू – ..........................

5. ईढ़ाक – ..........................  6. थीहा – ..........................

## ( घ ) निम्नलिखित शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्य बनाइए–

1. स्वादिष्ट मम्मी बनाती है मेरी खाना। ..........................................
2. करता हूँ काम खुद मैं अपना। ..........................................
3. लड़का है राहुल ईमानदार। ..........................................
4. चिड़ियाघर सब थे गए हम। ..........................................
5. मित्र बहुत कृष्ण थे सुदामा और अच्छे। ..........................................

## ( ङ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–

1. इनमें से सबसे बाद में क्या बनता है?

   शब्द ☐ वाक्य ☐ वर्ण ☐

2. किसके सार्थक समूह को 'शब्द' कहते हैं?

   ध्वनियों के ☐ वर्णों के ☐ वाक्यों के ☐

3. इनमें से सबसे पहले क्या बनता है?

   वाक्य ☐ वर्ण ☐ शब्द ☐

# 4 संज्ञा
## (Noun)

किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव या दशा के नाम को **संज्ञा** कहते हैं। जैसे–




**अतुल हिमांशु** का **मित्र** है। दोनों में गहरी **मित्रता** है। वे दोनों **आगरा** के **दयालबाग** में रहते हैं। दोनों साथ-साथ **विद्यालय** जाते हैं। वे वहाँ साथ-साथ **खाना** खाते हैं।



उपर्युक्त वाक्यों में मोटे शब्द विभिन्न नामों को दर्शा रहे हैं। इन्हें समझने का प्रयास करें–

| | | |
|---|---|---|
| प्राणियों के नाम | – | अतुल, हिमांशु, मित्र |
| भाव या दशा का | – | मित्रता |
| वस्तु का नाम | – | खाना |
| स्थानों के नाम | – | आगरा, दयालबाग, विद्यालय |

प्रत्येक वस्तु का कोई-न-कोई नाम अवश्य होता है। ये सब नाम ही **संज्ञा** कहलाते हैं। नाम से ही प्रत्येक वस्तु तथा व्यक्ति की पहचान होती है।

अतः हम कह सकते हैं कि–

**किसी प्राणी, वस्तु, स्थान, भाव या दशा के नाम को संज्ञा कहते हैं।**

संज्ञा के तीन भेद होते हैं–

**संज्ञा के भेद**

- **व्यक्तिवाचक संज्ञा**
- **जातिवाचक संज्ञा**
- **भाववाचक संज्ञा**

❖ **व्यक्तिवाचक संज्ञा** – जिस संज्ञा शब्द से किसी एक ही विशेष वस्तु, व्यक्ति, प्राणी या स्थान का नाम सूचित हो, उसे **व्यक्तिवाचक** संज्ञा कहते हैं; जैसे –

1. **विराट कोहली** अच्छा खिलाड़ी है। 2. **कुतुबमीनार दिल्ली** में है।

**व्यक्तिवाचक संज्ञा के उदाहरण–**

व्यक्तियों के नाम – लालबहादुर शास्त्री, रवीन्द्रनाथ टैगोर, डॉ. अम्बेडकर, प्रतिभा पाटिल इत्यादि।

स्थानों के नाम – प्रयागराज, जबलपुर, लखनऊ, आगरा, दिल्ली इत्यादि।

नदियों के नाम – ताप्ती, गोदावरी, यमुना, कावेरी, सतलुज इत्यादि।
त्योहारों के नाम – भैया-दूज, रक्षाबंधन, दीपावली, होली इत्यादि।
खेलों के नाम – शतरंज, क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल इत्यादि।
ग्रहों के नाम – मंगल, बृहस्पति, पृथ्वी, शनि इत्यादि।

❖ **जातिवाचक संज्ञा** – जो संज्ञा शब्द एक ही जाति के सभी प्राणियों वस्तुओं, स्थानों का बोध कराते हैं, उन्हें **जातिवाचक संज्ञा** कहते हैं। जैसे–

1. **कबूतर** उड़ रहे हैं। 2. **हाथी** जंगल में चिंघाड़ रहा है।

❖ **भाववाचक संज्ञा** – वे संज्ञा शब्द जो किसी वस्तु या व्यक्ति की अवस्था, दशा, गुण या दोष के भाव का बोध कराते हैं, उन्हें **भाववाचक संज्ञा** कहते हैं। जैसे– ऋचा की सुन्दरता की सब **प्रशंसा** करते हैं।

## भाववाचक संज्ञा का निर्माण

भाववाचक संज्ञा शब्दों की रचना जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया शब्दों से ही होती है। जैसे–

### जातिवाचक संज्ञा से भाववाचक संज्ञा

| शब्द | भाववाचक संज्ञा | शब्द | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|
| बच्चा | बचपन | लड़का | लड़कपन |
| पशु | पशुता | मानव | मानवता |

### सर्वनाम से भाववाचक संज्ञा

| शब्द | भाववाचक संज्ञा | शब्द | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|
| स्व | स्वत्व | मम | ममत्व |
| अहं | अहंकार | दया | दयालुता |

### विशेषण से भाववाचक संज्ञा

| शब्द | भाववाचक संज्ञा | शब्द | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|
| पतला | पतलापन | ज्ञानी | ज्ञान |
| मोटा | मोटापा | हरा | हरियाली |

### क्रिया से भाववाचक संज्ञा

| शब्द | भाववाचक संज्ञा | शब्द | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|
| चढ़ना | चढ़ाई | हँसना | हँसी |
| पढ़ना | पढ़ाई | थकना | थकावट |

## हमने सीखा

- किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, गुण तथा भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।
- संज्ञा के तीन भेद हैं– (1) व्यक्तिवाचक (2) जातिवाचक (3) भाववाचक।
- जिस संज्ञा से किसी एक ही विशेष व्यक्ति, वस्तु, प्राणी, स्थान का नाम सूचित होता है, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।
- जो संज्ञा शब्द एक ही जाति के सभी प्राणियों वस्तुओं तथा स्थानों का बोध कराते हैं, उन शब्दों को जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।
- जिस संज्ञा शब्द से व्यक्ति के गुण–दोष दशा का पता चलता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

## आओ अभ्यास करें

### (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

1. संज्ञा की परिभाषा लिखिए।

उत्तर. ..............................................................................................................

..............................................................................................................

2. संज्ञा के कितने भेद होते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

उत्तर. ..............................................................................................................

..............................................................................................................

3. भाववाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

उत्तर. ..............................................................................................................

..............................................................................................................

4. वस्तुओं के नाम किस भेद के अन्तर्गत आते हैं?

उत्तर. ..............................................................................................................

..............................................................................................................

5. भाववाचक संज्ञा शब्दों की रचना किससे होती है?

उत्तर. ..............................................................................................................

..............................................................................................................

6. आपका प्रिय खेल कौन–सा है? उस खेल का नाम व्यक्तिवाचक संज्ञा है या भाववाचक संज्ञा?

उत्तर. ..............................................................................................................

..............................................................................................................

## ( ख ) सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए –

| जंगल | दिल्ली | दयालबाग | खिलाड़ी | मित्र |
|---|---|---|---|---|

1. हाथी .......................... में चिंघाड़ रहा है।
2. कुतुबमीनार .......................... में है।
3. अतुल हिमांशु का .......................... है।
4. वे दोनों आगरा के .......................... में रहते हैं।
5. विराट कोहली अच्छा .......................... है।



## ( ग ) सही कथन पर ( ✓ ) और गलत कथन पर ( × ) का चिह्न लगाइए–

1. 'लाल किला' व्यक्तिवाचक संज्ञा है। ☐
2. 'लड़कपन' जातिवाचक संज्ञा है। ☐
3. 'फूल' भाववाचक संज्ञा है। ☐
4. 'राजीव गांधी' व्यक्तिवाचक संज्ञा है। ☐

## ( घ ) निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए–

1. मानव – ..........................
2. चलना – ..........................
3. मनुष्य – ..........................
4. होशियार – ..........................
5. मित्र – ..........................
6. पीला – ..........................

## ( ङ ) निम्नलिखित वाक्यों में से एक-एक संज्ञा शब्द छाँटकर उनके भेद लिखिए–

| | संज्ञा शब्द | भेद |
|---|---|---|
| 1. दीपावली हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है। | .......................... | .......................... |
| 2. बाग में चारों दिशाओं में हरियाली है। | .......................... | .......................... |
| 3. अतुल हमेशा मन लगाकर पढ़ाई करता है। | .......................... | .......................... |
| 4. लड़के फुटबाल खेल रहे थे। | .......................... | .......................... |
| 5. ताजमहल बहुत ही सुंदर बना हुआ है। | .......................... | .......................... |

5

# सर्वनाम
## (Pronoun)



**रोशन** विद्यालय से दो बजे घर लौटा। **रोशन** ने खाना खाया। **रोशन** ने मम्मी को विद्यालय की सारी बातें भी बताईं। फिर **रोशन** पढ़ने बैठ गया।

उपर्युक्त वाक्य पढ़ने में कुछ अटपटे से लग रहे हैं, क्योंकि इनमें बार-बार **रोशन** (संज्ञा) शब्द का उपयोग हुआ है।



**अब इन वाक्यों को पढ़िए –**

**रोशन** विद्यालय से दो बजे घर लौटा। **उसने** खाना खाया । **उसने अपनी** मम्मी को विद्यालय की सारी बातें भी बताईं। फिर **वह** पढ़ने बैठ गया।

ये वाक्य आसानी से समझे जा सकते हैं, क्योंकि इनमें एक बार **रोशन** का नाम लेकर बाद में उसकी जगह '**उसने**', '**अपनी**' तथा '**वह**' शब्द का प्रयोग किया गया है। ये शब्द **सर्वनाम** हैं।

अत: हम कह सकते हैं कि –

जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, वे शब्द **सर्वनाम** कहलाते हैं; जैसे- हम, तुम, वह इत्यादि।

सर्वनाम शब्दों के प्रयोग से भाषा सुंदर व स्पष्ट बन जाती है। यह, वह, तुम, मैं, मेरा, आप इत्यादि सर्वनाम शब्द हैं।

सर्वनाम के निम्नलिखित छह भेद हैं-

**सर्वनाम के भेद**
- पुरुषवाचक सर्वनाम
- निश्चयवाचक सर्वनाम
- अनिश्चयवाचक सर्वनाम
- प्रश्नवाचक सर्वनाम
- संबंधवाचक सर्वनाम
- निजवाचक सर्वनाम

1. **पुरुषवाचक सर्वनाम –** ऐसे सर्वनाम शब्द जिनसे कहने वाले, सुनने वाले या जिसके विषय में कहा जाए, का पता चले, उन्हें **पुरुषवाचक सर्वनाम** कहते हैं। जैसे– मैं, तुम, आप, वह, हमारा इत्यादि।
2. **निश्चयवाचक सर्वनाम –** ऐसे सर्वनाम शब्द जिनसे किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति के बारे में पता चले, उन्हें **निश्चयवाचक सर्वनाम** कहते हैं। जैसे – **यह** मेरी पैंसिल है। **वह** राजू का घर है।

3. **अनिश्चयवाचक सर्वनाम** – ऐसे सर्वनाम शब्द जिनसे किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का पता न चले, उन्हें **अनिश्चयवाचक सर्वनाम** कहते हैं। जैसे – **कोई** आया है **कुछ** खाने को दो।

4. **प्रश्नवाचक सर्वनाम** – ऐसे सर्वनाम शब्द जिनका प्रयोग केवल प्रश्न पूछने के लिए किया जाता है, उन्हें **प्रश्नवाचक सर्वनाम** कहते हैं। जैसे- कल **कौन** आया था? तुम **क्या** चाहते हो?

5. **संबंधवाचक सर्वनाम** – ऐसे सर्वनाम शब्द जो वाक्य में आने वाले दूसरे संज्ञा व सर्वनाम शब्दों से संबंध बताते हैं, उन्हें **संबंधवाचक सर्वनाम** कहते हैं। जैसे – **जैसा** करोगे, **वैसा** भरोगे।

6. **निजवाचक सर्वनाम** – ऐसे सर्वनाम शब्द जो अपने आप के लिए प्रयोग किए जाते हैं, वे **निजवाचक सर्वनाम** कहलाते हैं। जैसे – रोशन **अपने आप** विद्यालय जाता है।

❖ **संज्ञा शब्दों की तरह सर्वनाम शब्दों के भी एकवचन और बहुवचन होते हैं–**

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|---|---|
| किसे | किन्हें | इस | इन | तुम | आप |
| वह | वे | मैं | हम | उस | उन |
| उसे | उन्हें | किस | किन | किसी | किन्हीं |
| जिसे | जिन्हें | यह | ये | उसका | उनका |

## हमने सीखा

- संज्ञा शब्द के स्थान पर जिस शब्द का प्रयोग किया जाता है, वह सर्वनाम कहलाता है।
- सर्वनाम छह प्रकार के होते हैं- (1) पुरुषवाचक सर्वनाम (2) निश्चयवाचक सर्वनाम (3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (4) प्रश्नवाचक सर्वनाम (5) संबंधवाचक सर्वनाम (6) निजवाचक सर्वनाम।

## आओ अभ्यास करें

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. सर्वनाम की परिभाषा लिखिए।

उत्तर: ..............................................................................

..............................................................................

2. संबंधवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं?

उत्तर: ..............................................................................

..............................................................................

3. संज्ञा के स्थान पर हम किसका प्रयोग करते हैं?

उत्तर: ........................................................................................................

........................................................................................................

4. हम अपने से बड़ों के लिए किस सर्वनाम शब्द का प्रयोग करते हैं?

उत्तर: ........................................................................................................

........................................................................................................

**( ख ) सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

**वैसा कौन वह**



1. जैसा करोगे .................... भरोगे।
2. .................... मेरी मौसी हैं।
3. दरवाज़े पर .................... खड़ा है?

**( ग ) सही कथन पर ( ✓ ) और गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–**

1. अपने से बड़ों के लिए 'आप' शब्द का प्रयोग करते हैं। ☐
2. सर्वनाम शब्द विशेषण के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं। ☐
3. संज्ञा की तरह सर्वनाम शब्दों के भी एकवचन और बहुवचन होते हैं। ☐

**( घ ) निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों से वाक्य बनाइए–**

1. मैं ____________________
2. आप ____________________
3. तुम ____________________
4. हम ____________________

**( ङ ) निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर उनके भेद लिखिए–**

| | सर्वनाम शब्द | भेद |
|---|---|---|
| 1. दरवाजे पर कौन है? | __________ | __________ |
| 2. हम आज आगरा जाएँगे । | __________ | __________ |
| 3. राम अपना काम स्वयं करेगा । | __________ | __________ |
| 4. यह श्याम का घर है। | __________ | __________ |

6

# विशेषण
## (Adjective)



कमल हमारा **राष्ट्रीय** पुष्प है। यह बहुत ही **सुंदर** पुष्प है। तालाब में जब ये अधिक संख्या में खिले हुए हों तब दृश्य **मनमोहक** होता है।

उपर्युक्त वाक्यों में 'राष्ट्रीय' और 'सुन्दर' शब्द पुष्प की, 'अधिक' शब्द संख्या की तथा 'मनमोहक' शब्द दृश्य की विशेषता बता रहा है। ये यभी **विशेषण** हैं।

वे शब्द जो संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता प्रकट करते हैं, **विशेषण** कहलाते हैं।

### विशेष्य

जिन संज्ञा शब्दों की विशेषता बताई जाती है, उन्हें **विशेष्य** कहते हैं।

अर्थात् जिस संज्ञा के लिए विशेषण का प्रयोग किया जाता है, वह संज्ञा **विशेष्य** कहलाती है।

जैसे – **ललित** होनहार बालक है।

यहाँ 'होनहार' शब्द ललित की विशेषता बता रहा है, इसलिए ललित **विशेष्य** है।

इसी प्रकार 'चाचा ने मुझे आठ कलम दिए।' इस वाक्य में 'आठ' शब्द विशेषण है और 'कलम' शब्द **विशेष्य** है।

### विशेषण के चार भेद होते हैं–

- **गुणवाचक विशेषण –** जिस शब्द से किसी वस्तु या व्यक्ति के गुण, दोष, रंग अथवा स्वाद आदि का पता चले, उसे **गुणवाचक विशेषण** कहते हैं। जैसे – जवान, पीला, नया, पुराना, मीठा इत्यादि।

  उदाहरण – ऋषभ ने **पीली** कमीज़ पहनी है।

- **संख्यावाचक विशेषण –** जिस शब्द से व्यक्तियों अथवा वस्तुओं इत्यादि की संख्या का पता चले, उसे **संख्यावाचक विशेषण** कहते हैं। जैसे–पाँच, आठ, ज्यादा, थोड़ा इत्यादि।

  उदाहरण–हमारी मम्मी ने बुआ को **एक** साड़ी उपहार में दी।

❖ **परिमाणवाचक विशेषण –** जिस शब्द से किसी वस्तु इत्यादि के परिमाण या माप-तोल के बारे में पता चले, उसे **परिमाणवाचक विशेषण** कहते हैं। जैसे – आठ लीटर, पाँच किलो, दस मीटर, अधिक पानी, कम दूध इत्यादि।

उदाहरण- पापा ने **पाँच मीटर** कपड़ा खरीदा।

❖ **सार्वनामिक विशेषण –** जो सर्वनाम शब्द संज्ञा से पहले लगकर उसकी विशेषता बताते हैं, उन्हें **सार्वनामिक विशेषण** कहते हैं। जैसे-वह लड़का, यह पक्षी, वह दरवाज़ा इत्यादि। उदाहरण- **ये** पुस्तकें अत्यंत रोचक हैं।

## हमने सीखा

- संज्ञा शब्द की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।
- जिन संज्ञा शब्दों की विशेषता बताई जाती है, उन्हें विशेष्य कहते हैं।
- विशेषण के चार भेद हैं- (1) गुणवाचक विशेषण (2) संख्यावाचक विशेषण (3) परिणामवाचक विशेषण (4) सार्वनामिक विशेषण।

## आओ अभ्यास करें

### (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

1. विशेषण की परिभाषा लिखिए।

उत्तर: ............................................................
............................................................

2. विशेषण के कितने भेद होते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

उत्तर: ............................................................
............................................................

3. विशेषण तथा विशेष्य का अन्तर बताइए।

उत्तर: ............................................................
............................................................

4. परिमाणवाचक विशेषण को उदाहरण सहित समझाइए।

उत्तर: ............................................................
............................................................

5. गुणवाचक विशेषण के तीन उदाहरण दीजिए।

उत्तर: ............................................................
............................................................